भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †181
उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026
29 आषाढ़, 1948 (शक)

ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड खेल अवसंरचना परियोजनाएं

†181. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड श्रेणियों के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का वर्ष - वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ऐसी प्रत्येक परियोजना के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है और कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है, वास्तविक और वित्तीय प्रगति का प्रतिशत कितना तथा उनके पूरा होने की संभावित तिथि क्या है;

(ग) निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी नहीं होने वाली परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है और इनमें हुई देरी के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने ऐसी परियोजनाओं के कार्य निष्पादन में हुई देरी की समीक्षा की है और यदि हां, तो उन्हें शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान तेलंगाना में कोई अतिरिक्त ग्रीनफील्ड या ब्राउनफील्ड खेल अवसंरचना परियोजनाएं स्वीकृत करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के विकास सहित खेल अवसंरचना के विकास एवं सुदृढ़ीकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/केंद्र राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है। भारत सरकार इन प्रयासों में महत्त्वपूर्ण कमियों को पूरा कर सहायता प्रदान करती है। इस मंत्रालय द्वारा लागू खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-आधारित स्कीमें

हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा योजना के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अनुरूप ही वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जाता है। तेलंगाना राज्य सहित देशभर में, खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई निधि तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in तथा http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

परियोजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अनुदानग्राही पर होती है। यह मंत्रालय अनुदानग्राहियों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों, परियोजना निगरानी समितियों द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण और दौरा द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करता है ताकि वास्तविक भौतिक प्रगति, आवधिक प्रगति रिपोर्टों, संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर संवाद तथा जारी की गई निधियों के संबंध में प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्रों (यूसी) का आकलन कर सके। जहाँ कहीं भी विलंब होता है, सामान्यतः वैधानिक स्वीकृतियों, भूमि संबंधी समस्याओं, निविदा एवं संविदात्मक प्रक्रियाओं, परियोजना के कार्यक्षेत्र में संशोधन, प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों तथा अन्य स्थानीय क्रियान्वयन संबंधी समस्याओं जैसे घटकों के कारण होता है। यह मंत्रालय विलंबित परियोजनाओं से संबंधित मामलों को समय-समय पर संबंधित अनुदानग्राहियों के साथ उठाता रहता है ताकि परियोजनाओं को शीघ्रतापूर्वक समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके।

*****